तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 11 जनवरी 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

12 हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, सामाजिक ..



13 नवापारा में 9 ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट...



## खबर संक्षेप



### समारोह में 42 लोगों ने किया रक्तदान

**पलारी।** जिला साहू समाज के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर गिर्रा निवासी महिला शारदा साहू व 41 पुरुष सहित कुल 42 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. रामकुमार साहू ने कहा कि रक्तदान सेवा ही सच्ची मानव सेवा है। प्रत्येक मानव को यह सेवा धर्म निभाना चाहिए। रक्तदान सबसे बड़ा दान माना जाता है। उन्होंने अपील की है कि यह नेक कार्य सभी को करना चाहिए ताकि जरुरतमंद व्यक्ति को इसका लाभ मिले।

### महुआ शराब जब्त, दो लोगों पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम जुनवानी कला में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से देशी महुआ शराब बरामद किया है। बागबाहरा पुलिस ने ग्राम जुनवानी कला में आरोपी सेवकराम नेताम पिता ओलसिंह नेताम (42 साल) घुंचापाली थाना बागबाहरा जिला महासमुंद, पवन बरिहा पिता टिको बरिहा (35 साल) घुंचापाली थाना बागबाहरा जिला महासमुंद के संयुक्त कब्जे से 15 लीटर हाथ भठ्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए और मोटर सायकल कीमत 20000 रुपए को जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बिना अनुमति गिट्टी ले जा रहे लोगों ने की मारपीट



**महासमुंद।** बिना अनुमति गिट्टी ले जा रहे लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को खीरसागर सिदार ने बसना थाने में कराए गए एफआईआर में बताया कि वह अशोक केजरीवाल सारंगढ़ के डामर प्लांट में मैनेजर एवं ऑपरेटिंग का काम करता है। वह 9 जनवरी को शाम करीब 4 बजे गिट्टी को मालिक की बिना अनुमति के वालिंदर कुमार एवं अरबाज खान द्वारा जबरदस्ती ले जाने की सूचना अपने मालिक को फोन पर दे रहा था। जिसके कारण आरोपियों द्वारा गाली गलौच कर हाथ मुक्का लात से मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रांसफार्मर से क्वाइल वायर और ऑयल चोरी

**महासमुंद।** खट्टी वितरण केंद्र अंतर्गत आमाकोनी खुटेरी रास्ते में लगे 100 केवीए बिजली ट्रांसफार्मर से क्वाइल, वायर और ऑयल की चोरी के मामले में खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। ट्रांसफार्मर से क्वाइल, वायर और ऑयल की चोरी को लेकर खल्लारी थाने में की गई शिकायत में कनिष्ठ यंत्री प्रखर कुमार चंद्रवंशी ने पुलिस को बताया कि दिनांक 08.01.2026 की रात्रि 09 बजे से दिनांक 09.01.2026 के सुबह 06 बजे के मध्य वितरण केंद्र खट्टी के अंतर्गत आमाकोनी खुटेरी रास्ता के पास ग्राम आमाकोनी में लगे 100 केवीए ट्रांसफार्मर के अंदर लगे क्वाइल, कापर वायर, आयल अनुमानित कीमत 33000 हजार रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# मनरेगा का नाम बदलना गरीबों के अधिकारों पर हमला : अमितेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदले जाने को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान राजिम विधानसभा से पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए इसे गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला बताया।

पूर्व विधायक ने कहा कि नए बदलावों से मनरेगा अब संवैधानिक अधिकार नहीं रह गया है, बल्कि केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित एक सशर्त योजना बनती जा रही है। इससे मजदूरों के काम के अधिकार को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्यों पर लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का आर्थिक बोझ डाल रही है, जबकि योजनाओं का श्रेय खुद ले रही है।

अमितेश शुक्ल ने कहा कि नए प्रावधानों के तहत तय समय के लिए रोजगार रोका जा सकता है, जिससे गरीब मजदूरों को महीनों तक काम से वंचित रहना पड़ सकता है। पंचायतों और ग्राम सभाओं के अधिकार भी छीने जा रहे हैं और उन्हें डिजिटल सिस्टम व केंद्रीकृत नियंत्रण के तहत लाया जा रहा है।कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा के साथ हो रहे अन्याय को नहीं रोका गया, तो पार्टी सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेगी और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई जारी ▶▶ शेष पेज 12 पर

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ जताया विरोध



#### केंद्र सरकार पर बजट कटौती और फंड रोकने के आरोप

अमितेश शुक्ल ने कहा कि मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर लोकसभा में एक और विधेयक पास कर दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा को कमजोर कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच, ग्राम स्वराज, काम की गरिमा और विकेंद्रीकृत विकास की अवधारणा को खत्म करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि देश के 12 करोड़ से अधिक ग्रामीण मजदूरों के लिए जीवन रेखा रही है। कोविड-19 महामारी के दौरान इस योजना ने लाखों परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मनरेगा के खिलाफ रहे हैं। बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने बजट में कटौती की, राज्यों का वैधानिक फंड रोका, जॉब कार्ड हटाए और आधार आधारित भुगतान प्रणाली लागू कर लगभग 7 करोड़ मजदूरों को योजना से बाहर कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि अब मनरेगा के तहत मजदूरों को साल में औसतन केवल 50 से 55 दिन ही काम मिल पा रहा है।

### कार्रवाई : एक की गिरफ्तारी से खुलती गई कड़ियां

# अवैध शराब की तस्करी में संलिप्त गिरोह का पर्दाफाश, 7 आरोपियों सहित सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्रामीण थाना पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने न केवल शराब बेचने वाले को पकड़ा, बल्कि तस्करी की पूरी सप्लाई चेन का खुलासा करते हुए गिरोह के 7 सदस्यों जिसमें अमर यदु ग्राम तरेंगा मुख्य विक्रेता, नितेश रात्रे ग्राम गुर्रा सप्लायर चाय दुकान संचालक, दुर्गेश गुजरतिया शक्ति वार्ड, भाटापारा, हरिचंद देवांगन ग्राम तरेंगा, रवि कुमार निषाद ग्राम तरेंगा, अजय मारकंडेय भगत सिंह वार्ड और गोपी गेण्डरे महासती वार्ड को गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई की शुरुआत मुखबिर की सूचना पर ग्राम तरेंगा से हुई, जहां पुलिस ने अमर यदु को 40 पाव देसी मसाला शराब (कीमत 4600) के साथ रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कड़े निर्देश थे कि केवल विक्रेता ही नहीं, बल्कि शराब उपलब्ध कराने वाले मुख्य सरगनाओं तक पहुंचा जाए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार और एसडीओपी तारेश साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हेमंत पटेल की टीम ने जब अमर यदू से कड़ाई से पूछताछ की, तो तस्करी के इस मकड़जाल की परतें खुलती चली गईं।

पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस गिरोह के तार और कहां-कहां जुड़े हुए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया जारी है।



#### चाय दुकान की आड़ में चलता था तस्करी का खेल

पूछताछ में पता चला कि पटपर भाटापारा में चाय दुकान चलाने वाला नितेश रात्रे इस गिरोह का अहम हिस्सा था, जो शराब की सप्लाई करता था। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर नितेश को हिरासत में लिया। नितेश की निशानदेही पर पुलिस ने गिरोह के अन्य 5 सदस्यों को भी दबोच लिया।

## कलेक्टर दीपक सोनी को केंद्र में मिली अहम जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

केंद्र सरकार ने बलौदाबाजार के कलेक्टर एवं छत्तीसगढ़ कैडर के 2011 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक सोनी को केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।



जारी आदेश के अनुसार आईएएस दीपक सोनी को सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग दिल्ली में डायरेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तारीख से 5 वर्षों के लिए या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। उल्लेखनीय है कि आईएएस दीपक सोनी ने 29 अगस्त 2011 को भारतीय प्रशासनिक सेवा ज्वाइन की थी। वे रायपुर जिले में जिला पंचायत सीईओ के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। रायपुर के तत्कालीन कलेक्टर ओपी चौधरी के इस्तीफे के बाद वे प्रभारी कलेक्टर रायपुर भी ▶▶ शेष पेज 12 पर

#### तत्काल रिलीव करने के निर्देश

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि दीपक सोनी को उनकी वर्तमान जिम्मेदारियों से तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाए, ताकि वे दिल्ली में अपनी नई जिम्मेदारी संभाल सकें।डीओपीटी के आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अधिकारी को नियुक्ति आदेश जारी होने के तीन सप्ताह के भीतर अपना नया पदभार ग्रहण करना होगा। यदि वे तय समय सीमा में ज्वाइन नहीं करते हैं, तो उन्हें सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम से डिबार करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

## धान का अवैध परिवहन : 75 बोरी धान और पिकअप जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में धान खरीदी के दौरान अवैध धान खपाने की कोशिशों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। राजस्व विभाग की टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 75 बोरी अवैध धान परिवहन कर रहे एक पिकअप वाहन को जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोनाखान तहसीलदार लव कुमार के नेतृत्व में टीम पिथौरा से बया मार्ग पर गश्त कर रही थी। ग्राम कुरकुटट्टी के पास एक पिकअप वाहन को रोककर जब पूछताछ की गई और धान से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, तो चालक कोई भी संतोषजनक जवाब या वैध कागजात पेश नहीं कर पाया। वाहन की जांच करने पर उसमें 75 बोरी धान लदा हुआ पाया गया। वैध दस्तावेज के अभाव में राजस्व टीम ने धान सहित पिकअप को तत्काल ▶▶ शेष पेज 12 पर

## साहू समाज ने दिखायी एकता, पदाधिकारियों ने किया शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला साहू संघ बलौदाबाजार सहित तहसील एवं परिक्षेत्र–नगर साहू संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह रविवार को साहू छात्रावास भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में साहू समाज की एकता, संगठनात्मक शक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रभावी प्रदर्शन देखने को मिला। बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला, युवा एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। समारोह में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने जिला साहू संघ बलौदाबाजार के अध्यक्ष सुनील साहू, उपाध्यक्ष राजाराम साहू, संध्या साहू, संगठन सचिव सुशील साहू, अनूपा साहू सहित जिला, तहसील एवं परिक्षेत्र स्तर के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज सेवा, संगठन की ▶▶ शेष पेज 12 पर









#### समाज को सभी मिलकर आगे बढ़ाने अतिथियों ने किया आह्वान

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि साहू समाज ने प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संगठन की प्रगति एकता, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य से ही संभव है। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने युवाओं को संगठन से जोड़ने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर विशेष जोर दिया। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने समाज की सामाजिक समरसता और भाईचारे की परंपरा को सराहा, वहीं कसडोल विधायक संदीप साहू ने नई टीम को समाज विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।

#### तहसील पलारी और 3 परिक्षेत्र ने नहीं लिया शपथ

कार्यक्रम के दौरान तहसील साहू संघ पलारी, परिक्षेत्र भवानीपुर, रोहांसी, दतान एवं नगर साहू संघ के कुछ पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश साहू संघ के नियमों का पालन नहीं करते हुए शपथ ग्रहण नहीं किया गया। इस पर प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि संगठन के नियम सभी के लिए समान हैं। उन्होंने नियमों की अवहेलना को गंभीर विषय बताते हुए संबंधित पदाधिकारियों पर उचित कार्रवाई किए जाने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता संगठन की मजबूती को कमजोर करती है और समाज हित में इसे किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस ने ग्रामीणों को दिलाई सुरक्षा की शपथ

# बिटकुली बनेगा जिले का पहला हेलमेट वाला गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने जिले में 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 मनाया जा रहा है, जिसके तहत पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश दीवान प्रभारी यातायात सिमगा, उपनिरी प्रियेश जान प्रभारी यातायात बलौदाबाजार के नेतृत्व में प्रति दिवस भीड़-भाड़ वाले चौक चौराहों, स्कूल कॉलेज मुख्य सड़क मार्ग आदि में विविध यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 कार्यक्रम के तहत 10 जनवरी को यातायात शाखा बलौदाबाजार द्वारा यातायात जागरूकता कार्यकम ग्राम बिटकुली में किया गया। कार्यक्रम में यातायात जागरूकता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि हेलमेट पहने व दुपहिया वाहन में 3 सवारी न चले, नशे की हालत में वाहन न चलावे सहित सीट बेल्ट लगाने की हिदायत देते ग्राम बिटकुली को हेलमेट वाला गांव बनाने की अपील की गई। साथ ही यातायात नियमों के पालन संबंधी शपथ दिलायी गई। ग्राम के लोगों को राहवीर योजना के अंतर्गत सभी लोगों को घायलों की तत्काल मदद करने का अनुरोध करते शासन की योजना का लाभ के संबंध में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में ग्राम के ही वरिष्ठ नागरिकों ने संबोधन में ग्रामवासियों को हेलमेट लगाने एवं एक्सीडेंट में घायल लोगों को तत्काल मदद करने की अपील की। सरपंच प्रतिनिधि हेमंत कौशले ने प्रथम हेलमेट वाला गांव बनाने का आश्वासन दिया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिससे निश्चय ही यातायात दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग आवश्यक है।

## बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी करहीबाजार पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले को महज 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने आरोपी ग्राम बिटकुली निवासी 19 वर्षीय सोन सिंह उर्फ मोनू ध्रुव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।




प्रार्थी किशन लाल पटेल निवासी ग्राम करहीबाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 जनवरी की रात वह घरेलू काम से ग्राम पासीद गया था। वहां मंदिर के पास अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 एम 9227 खड़ी कर बस्ती की ओर गया था, लेकिन वापस आने पर वाहन गायब मिला। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान करहीबाजार पुलिस टीम ने ग्राम पासीद के ग्रामीणों और घटनास्थल के आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ की। संदेह के आधार पर सोन सिंह उर्फ मोनू ध्रुव को हिरासत में लिया गया। कड़ी पूछताछ करने पर आरोपी ने ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा 19 से

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड नं 2 इमलीभाठा स्थित कहार भोई समाज की कुल देवी मां कन्हाई परमेश्वरी मंदिर प्रांगण में मंदिर स्थापना के 7 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुप्त नवरात्रि 19 जनवरी सोमवार से 27 जनवरी 2026 मंगलवार तक 9 दिवसीय श्रीमद देवी भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथावाचक पंडित भूपेंद्रधर दीवान पंचकोशी धाम फिंगेश्वर वाले हैं। इस आयोजन में सभी सामाजिक जनों एवं शहरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है। प्रसादी वितरण 28 जनवरी को होगा।

### भिलाई में प्रदेशभर के खिलाड़ियों के मध्य होगा शतरंज मुकाबला

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य रैपिड एवं ब्लिट्ज फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को अग्रसेन भवन, सेक्टर-6, भिलाई में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा अग्रसेन जनकल्याण समिति के सहयोग से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे ने जानकारी देते बताया कि इस राज्य चयन प्रतियोगिता में आकर्षक नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं शतरंज साहित्य प्रदान किए जाएंगे।

### खरोरा में बनाया गया आयुष्मान कार्ड

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में आयुष्मान कार्ड का शिविर लगाया गया। इस दौरान लोगों के घर-घर जाकर छुटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड बना रहे है। इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पात्र जरूरतमदों लोगों तक पहुंचाना है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों हरिशंकर कनौजे, सविता बरगार, पीती साहू, राजेंद्र सिदार, नंदिनी चंद्राकर, पुष्पलता चंद्राकर, मिथलेश मोयर, तापस मिस्त्री, किरण कौशिक, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, मनटोरा चंद्राकर, संतोषी पटेल, हीराबाई चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### शासकीय कर्मचारी संघ का सम्मान एवं नववर्ष मिलन समारोह आज

**महासमुंद।** छग लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला महासमुंद के तत्वावधान में सेवानिवृत्त लिपिक कर्मचारियों का जिला स्तरीय सम्मान एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन 11 जनवरी रविवार को बीटीआई रोड स्थित डाइट सभाकक्ष में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष संजय सिंह, विशिष्ट अतिथि उप प्रांताध्यक्ष मनोज पांडेय, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेश सोनी, प्रांतीय महामंत्री सीके तिवारी, प्रांतीय सचिव दुष्यन्त यादव, जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संदीप कुमार तिवारी, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत मचेवा के सरपंच प्रमिला संजय ध्रुव, सलाहकार जिला शाखा वीके प्रधान, संरक्षक जिला शाखा शिव कुमार साहू एवं केके चंद्राकर होंगे।

### आम आदमी पार्टी का ब्लॉक स्तरीय छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा आज से

महासमुंद। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने बताया कि पिछले 2 महीनों के दौरान पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों व प्रदेश के पदाधिकारियों व भिन्न भिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षो के साथ मैराथन बैठक लगतार हुई। प्रदेश के सभी प्रमुख पदाधिकारियों के सहयोग से लोकसभा अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष के माध्यम से हर जिले में विधानसभा वार ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति युद्ध स्तर पर कर पाए है। उन्होंने बताया कि आगामी 11 जनवरी से प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा निकाली जा रही है। इस दौरान ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर की रणनीति के अनुसार अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने, जनसंपर्क को मजबूत करने तथा यात्रा को जन-आंदोलन का स्वरूप देने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

# परीक्षाओं का दबाव, छात्र और शिक्षक दोहरी मुश्किल में, कोर्स अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- प्री-बोर्ड परीक्षाएं 16 जनवरी से शुरू होकर 23 जनवरी तक

जिले के सरकारी स्कूलों में इन दिनों पढ़ाई से ज्यादा परीक्षा का शोर है। छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी नए निर्देशों ने 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों का तनाव बढ़ा दिया है। आलम यह है कि विद्यार्थी अभी प्रैक्टिकल परीक्षाओं की तैयारी और तनाव से उबरे भी नहीं थे कि अब 16 जनवरी से प्री-बोर्ड परीक्षा की सूचना आ गई है।

जिले के हजारों छात्र इस समय मानसिक दबाव में हैं। आदेश के मुताबिक, प्री-बोर्ड परीक्षाएं 16 जनवरी से शुरू होकर 23 जनवरी तक खत्म करनी हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि मुख्य विषयों के लिए छात्रों को तैयारी का जरा भी समय नहीं मिलेगा। महज पांच दिनों के भीतर सभी विषयों की परीक्षा निपटाने के इस फरमान ने छात्रों को उलझन में डाल दिया है। छात्रों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत यह है कि वे एक साथ तीन मोर्चों पर जूझ रहे हैं। 1 जनवरी से शुरू हुई प्रायोगिक परीक्षाएं 20 जनवरी तक चलनी हैं। इसी बीच में ही 16 जनवरी से प्री-बोर्ड का दबाव का भी है। विभाग का आदेश है कि जिस दिन परीक्षा नहीं होगी, उस दिन स्कूल में नियमित क्लास लगेगी। ऐसे में सवाल यह उठता है कि छात्र सेल्फ-स्टडी कब करेंगे। जब छात्र दिन भर स्कूल और परीक्षाओं में उलझे रहेंगे, तो वे मुख्य बोर्ड परीक्षा के लिए रीविजन कब करेंगे। दिसंबर महीने में 12 से 20 तारीख तक छमाही परीक्षाएं हुई, उसके बाद शीतकालीन अवकाश लग गया। जिले के कई ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में अभी भी 15 से 20 प्रतिशत कोर्स अधूरा है। शिक्षकों के सामने संकट यह है कि वे अधूरा कोर्स पूरा करवाएं या परीक्षाओं का संचालन करें।

## अब 16 जनवरी से प्री-बोर्ड परीक्षा की आ गई सूचना

### शिक्षकों पर सुपरफास्ट रिजल्ट का दबाव

शिक्षा विभाग एक और कड़ा निर्देश दिया है कि परीक्षा खत्म होने के तीन दिन के भीतर रिजल्ट घोषित करना। इसका मतलब है कि शिक्षक को दिनभर क्लास लेनी है, परीक्षा ड्यूटी करनी है और रात में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना है। इतना ही नहीं, शिक्षकों पर शत-प्रतिशत रिजल्ट देने और 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों की संख्या बढ़ाने का भारी दबाव है। एक तरफ शिक्षकों की ड्यूटी सर्वे और अन्य प्रशासनिक कार्यों में लगाई जाती है, वहीं दूसरी ओर उनसे शैक्षणिक चमत्कार की उम्मीद की जा रही है।




### 20 फरवरी से मुख्य परीक्षा की चुनौती

अगले महीने 20 फरवरी से 10वीं और 12वीं की मुख्य बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। जनवरी का महीना छात्रों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इसी समय वे अपनी कमजोरियों को दूर करते हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति में, छात्र केवल औपचारिकताएं पूरी करने में जुटे हैं। सुबह से शाम तक स्कूल और परीक्षा के कारण छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से थक रहे हैं। बिना रीविजन के प्री-बोर्ड देने से छात्रों के कम अंक आने का डर है, जिससे उनका मनोबल गिर सकता है। वे समझ नहीं पा रहे कि प्रैक्टिकल की फाइल तैयार करें या प्री-बोर्ड के सवालों को याद करें।

## आयोजन : विभिन्न मंदिरों और देव स्थलों से निकाली गई कलश यात्रा

# हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





नगर के रामसागर तालाब तट स्थित श्री रामेश्वरम मंदिर परिसर में वीर बंदा बैरागी बस्ती द्वारा भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज से जाति-पांति, ऊंच-नीच एवं भेदभाव की भावना को समाप्त कर हिंदू समाज को एकजुट करना तथा भारतीय जीवन मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करते हुए राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत बस्ती के विभिन्न मंदिरों एवं देव स्थलों से निकाली गई कलश यात्राओं से हुई। समाज के हर वर्ग को जोड़ने के उद्देश्य से निकली यह यात्रा नगर भवन के समीप एकत्रित होकर भव्य कलश यात्रा के रूप में सम्मेलन स्थल तक पहुंचीं। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजी मातृशक्तियां कलश धारण कर श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुईं।

कलश यात्रा के उपरांत हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य वक्ता संजय दुबे, प्रांत संपर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रघुनंदन बघमार ने प्रस्तुत करते हुए सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि पुष्पा वर्मा गायत्री परिवार ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कारों को जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्य वक्ता संजय दुबे ने कहा कि हम सभी भारत माता की संतान हैं और एक परिवार के सदस्य के रूप में हमें आपसी सद्भाव, समरसता और सहयोग की भावना के साथ जीवन व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा किए जा रहे 'पंच परिवर्तन' की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में लक्ष्मी साहू, मनीष बरनवाल, उषा केडिया, संतोष चक्रधारी, राजनारायण केशवानी, खोडसराम कश्यप सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रोमी साहू ने किया। कार्यक्रम के समापन भारत माता की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजन को सफल बनाने में हरि पटेल, गोविंद पांडे, ओमकार पांडे, प्रकाश, राधेश्याम पटेल, बरतराम पटेल, किशन चक्रधारी, आरती सराफ सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## पलारी में हुआ हिन्दू सम्मेलन, दिया सामाजिक समरसता का संदेश



**पलारी।** नगर के गांधी चौक में शनिवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सकल हिन्दू समाज के नेतृत्व में हुआ। सम्मेलन की शुरुआत रामधुनी कलश यात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रम कर किया गया। मुख्य अतिथि सतनामी समाज प्रांताध्यक्ष विक्रम राय रहे मंच संचालन पोखन जायसवाल ने अतिथि परिचय सम्मान कराने पश्चात मुख्य वक्ता आरएसएस जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शालीन साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि पंच परिवर्तन में पांच आयाम शामिल किए गए हैं, जिसमें स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता एवं कुटुंब प्रबोधन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मानना है कि पंच परिवर्तन कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। स्व के बोध से नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे। नागरिक कर्तव्य बोध अर्थात कानून की पालना से राष्ट्र समृद्ध व उन्नत होगा। सामाजिक समरसता व सद्भाव से ऊंच-नीच जाति भेद समाप्त होंगे। पर्यावरण से सृष्टि का संरक्षण होगा तथा कुटुंब प्रबोधन से परिवार बचेंगे और बच्चों में संस्कार बढ़ेंगे। समाज में बढ़ते एकल परिवार के चलन को रोक कर भारत की प्राचीन परिवार परंपरा को बढ़ावा देने की आज महती आवश्यकता है। इस प्रकार सफल कार्यक्रम का आभार नगर कार्यवाह खोमेश साहू ने किया अंत में भारत माता आरती पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ नागरिक योगेश चंद्राकर, विपिन बिहारी वर्मा, इंद्रदेव वर्मा, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, भानुध्रुव, कृष्णा देवांगन, जगदीश पटेल, ताजेन्द्र कन्नौजे बृजमोहन साहू, रवि ध्रुव और बड़ी संख्या में नगर के समाज प्रबुद्ध प्रमुख गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# एक बार फिर लौटी ठंड, बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। पिछले कुछ दिनों की हल्की राहत के बाद अब कड़ाके की ठंड ने दोबारा दस्तक दी है। इन दिनों चली सर्द हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित किया, जिससे लोग दोपहर में भी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही ठंडी और शुष्क हवाओं ने सुबह के समय ठिठुरन काफी बढ़ा दी है। रात का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से थोड़ा अधिक है, लेकिन दिन के अधिकतम तापमान में गिरावट होने की वजह से सूरज निकलने के बाद भी ठंड से राहत नहीं मिली। दोपहर का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है। इसके समाप्त होते ही उत्तर-पश्चिम दिशा से आने वाली बर्फीली और शुष्क हवाओं ने जिले में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि धूप खिली होने के बावजूद हवाओं में मौजूद नमी और ठंडक लोगों को परेशान कर रही है।



### अगले तीन दिन रहेंगे भारी

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले तीन दिनों में ठंड की तीव्रता और बढ़ेगी। अनुमान है कि न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री तक की और गिरावट हो सकती है। पारा गिरकर 9 से 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। सुबह के समय जिले के कुछ हिस्सों में हल्का से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है।

### जनजीवन पर असर

ठंड के दोबारा लौटने से शहर के चौक-चौराहों पर लोग सुबह-शाम अलाव जलाकर तापते हुए देखे जा रहे हैं। गर्म कपड़ों के बाजार में फिर से रौनक लौट आई है। डॉक्टरों ने इस बदलते मौसम में विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, क्योंकि तापमान में उतार-चढ़ाव से सर्दी-खांसी और वायरल बुखार का खतरा बढ़ जाता है।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत अंतरराज्यीय एक्सपोजर विजिट को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार जिला मिशन संचालक एवं कलेक्टर विनय कुमार लगेह एवं जिला परियोजना संचालक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार के मार्गदर्शन में जिले में संचालित पीएमश्री स्कूल सहित अन्य विद्यालय के 24 विद्यार्थी एवं 9 गाइड शिक्षक पड़ोसी राज्य के शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुए। बच्चों के बसना पहुंचने पर महासमुंद लोकसभा के सांसद रूपकुमारी चौधरी ने बच्चों को ट्रैकशूट, एक्सपोजर विजिट फ्लैप, फोल्डर प्रदान कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद ने कहा कि बच्चों के संपूर्ण ज्ञान विस्तार के लिए केंद्र शासन के शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत एक्सपोजर विजिट का प्रावधान किया है, जिसमें चयनित मेघावी विद्यार्थियों को राज्य के बाहर अन्य राज्य के शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक विरासतों एवं ऐतिहासिक महत्व के विषय में जानकारी प्राप्त हो सकेगी। बच्चे भारत की विविधता में एकता के स्वरूप को स्वयं समझ सकेंगे। उन्होंने सभी छात्रों और उनके शिक्षकों को यात्रा अध्ययन के रिकॉर्ड संधारण के लिए प्रेरित करते हुए यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने बताया कि छात्रों को ओडिशा के राजधानी में स्थापित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भुवनेश्वर के विज्ञान संकाय, जूलॉजिकल पार्क, साइंस सेंटर, सहित राज्य के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

## पेज 11 के शेष

### मनरेगा का नाम ...

रखेगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस मे जिला अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेंद्र शर्मा, दिनेश यदु, हितेंद्र ठाकुर, राकेश वर्मा, रूपेश ठाकुर, आर्यन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### कलेक्टर दीपक सोनी...

रहे। इसके बाद उन्हें पहली बार सूरजपुर जिले की कलेक्टरी मिली। सूरजपुर के बाद वे दंतेवाड़ा और फिर कोंडागांव जिले के कलेक्टर रहे। इसके अतिरिक्त वे नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा आयुक्त एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में वे बलौदाबाजार जिले के कलेक्टर के रूप में पदस्थ हैं। केंद्र सरकार में उनकी इस नियुक्ति को छत्तीसगढ़ प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### धान का अवैध...

जब्त कर लिया और सुरक्षा के मद्देनजर उसे पास की पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया गया है। धान खरीदी सत्र के दौरान बाहरी धान को खपाने के प्रयासों को नाकाम करने के लिए जिले के सभी चेक पोस्टों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। तहसीलदार लव कुमार ने बताया कि थोक विक्रेताओं के स्टॉक की जांच के साथ-साथ धान उपार्जन केंद्रों का भी लगातार भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। प्रशासन की इस मुस्तैदी से अवैध धान का कारोबार करने वाले कोचियों और बिचौलियों में हड़कंप मचा है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### साहू समाज ने दिखायी ...

मजबूती, पारदर्शिता एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के साथ ही सभी पदाधिकारियों ने समाजहित में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में 42 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने कहा कि संगठन की पहचान उसकी एकता, अनुशासन और सेवा भाव से होती है। उन्होंने पदाधिकारियों से शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान और सामाजिक जागरूकता के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाटापारा विधायक इन्द्र साव, पूर्व विधायक चैतराम साहू, प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू, पर्यटन बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष चितरेखा साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, संगठन सचिव चन्द्रवती साहू, संयुक्त सचिव प्रदीप साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, जिला साहू संघ संरक्षक रेवाराम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, धन्नू साहू, बाबूलाल साहू, बीरबल साहू, सीताराम साहू, बी पी साहू, पारसमणी साहू, दिनेश साहू, सुरेंद्र साहू, केशव साहू, रवि साहू, हेमलाल साहू, राजकुमार साहू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बाइक चोरी का ...

मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया।आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिल कीमत लगभग 15 हजार बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## मोदी सरकार पर मनरेगा के स्वरूप को बिगाड़ने और इसे गरीब विरोधी बनाने का लगाया आरोप

# मजदूरों के संवैधानिक हक पर हमला कर रही मोदी सरकार: महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस भवन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के माध्यम से मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान का आगाज़ किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर मनरेगा के स्वरूप को बिगाड़ने और इसे गरीब विरोधी बनाने का आरोप लगाया। डॉ. महंत ने कहा कि मनरेगा ग्रामीणों का कानूनी अधिकार है, जिसे अब सरकार की मर्जी पर निर्भर बनाया जा रहा है। अब पंचायतों के बजाय दिल्ली तय करेगी कि कहां काम होगा, जिससे स्थानीय स्वायत्तता खत्म हो रही है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि फसल कटाई के समय काम रोककर मजदूरों को कम मजदूरी पर बड़े भूस्वामियों और ठेकेदारों के पास काम करने को मजबूर किया जा रहा है। साथ ही, मेट व्यवस्था खत्म कर ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देने की साजिश रची जा रही है।

नए नियमों के अनुसार, अब राज्यों को मजदूरी का 40 प्रतिशत हिस्सा खुद वहन करना होगा। इससे राज्य सरकारें आर्थिक तंगी के कारण रोजगार देने से कतराएंगी, जिसका सीधा असर गरीबों पर पड़ेगा। आधार आधारित भुगतान और ऐप की अनिवार्यता के कारण लगभग 2 करोड़ मजदूर काम से वंचित हो गए हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, विधायक चातुरी नंद, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, अमरजीत चावला, देवेंद्र बहादुर सहित कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### 12 से 29 तक चलेगा मनरेगा बचाओ संग्राम

आगामी रणनीति साझा करते हुए मंहत ने बताया कि 12 से 29 जनवरी तक पूरे देश में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत हर ग्राम पंचायत में मजदूरों और सरपंचों के साथ चौपाल लगाई जाएगी। सोनिया गांधी का वीडियो संदेश हर गांव में मजदूरों को दिखाया जाएगा। 26 जनवरी को विशेष ग्राम सभाएं आयोजित कर मनरेगा के संरक्षण का प्रस्ताव पारित किया जाएगा। लाखों मजदूर हस्ताक्षर युक्त पोस्टकार्ड राष्ट्रपति को भेजकर पुराने मनरेगा की बहाली की मांग करेंगे। नुक्कड़ सभाओं के जरिए जनता को सरकार की मंशा से अवगत कराया जाएगा।

### कांग्रेस ने रखी चार प्रमुख मांगें

कांग्रेस ने चार प्रमुख मांगें रखी है जिसमें, मनरेगा के सभी नए बदलावों को तत्काल वापस लिया जाए। काम के संवैधानिक अधिकार को पूर्णतः बहाल किया जाए। न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन किया जाए। काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी और जवाबदेही की गारंटी सुनिश्चित हो। अंत मं डॉ. महंत ने कहा कि मनरेगा ने कोविड महामारी के दौरान करोड़ों परिवारों को भुखमरी से बचाया था। इस जीवनरेखा को नष्ट करना देश के गरीबों के साथ गद्दारी है, जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

## खबर संक्षेप

### चौथी कक्षा की परीक्षा के प्रश्न को लेकर विवाद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने जताई आपत्ति

**महासमुंद।** जिले में अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान कक्षा चौथी की इंग्लिश विषय की परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। यह परीक्षा 7 जनवरी को आयोजित की गई थी। प्रश्नपत्र के पहले ही सवाल को लेकर लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होने का आरोप सामने आया है। जनपद उपाध्यक्ष चंद्राकर पंचायत ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे गंभीर लापरवाही बताया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा जैसे संवेदनशील विषय में इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग अनुचित है और इससे लोगों की भावनाएं आस्था को आहत हुई हैं। उन्होंने संबंधित शिक्षा विभाग से मामले की स्पष्ट जांच कर जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है, ऐसे लापरवाही अधिकारी कारण सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

### कबड्डी अंडर-19 प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी पानीपत रवाना

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी अंडर-19 प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों का दल राष्ट्रीय (नेशनल) स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पानीपत (हरियाणा) के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने उन्हें खेल भावना, अनुशासन एवं पूर्ण समर्पण के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व महासमुंद जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है, उनमें महासमुंद जिले के झलप से युवराज ध्रुव, बसना से बलदेव भोई एवं देवाशिष साहू शामिल हैं। वहीं बिलासपुर जिले से आकाश सिदार, करण, आशीष यादव, शिवम्‌ पाल एवं अभय राज, जिला दुर्ग से तुषार साहू, बीजापुर से चरण कुमार, मोहला से थानेश कुमार तथा खैरागढ़ से देवेंद्र कुमार का चयन किया गया है। टीम के कोच राजेश साहू (व्यायाम शिक्षक भीथीडीह) एवं टीम मैनेजर नारायण गभेल (व्यायाम शिक्षक, घोंच) ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी से 16 जनवरी तक पानीपत (हरियाणा) में किया जाएगा। इस अवसर पर बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा एवं पीयूष परोहा (पीटीआई, सोनासिल्ली) सहित अन्य स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### सामाजिक भवन परिसर में नपाध्यक्ष ने किया बोर खनन कार्य का शुभारंभ

**महासमुंद।** शहर के गुजराती समाज की मांग पर गुजराती समाज भवन परिसर में बोर खनन कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया। गुजराती समाजजनों ने साहू के समक्ष सामाजिक भवन परिसर में बोर खनन की मांग थी। मांग पर पालिका अध्यक्ष ने स्वीकृति प्रदान करते हुए सामाजिक भवन में बोर खनन कार्य का शुभारंभ किया। साहू ने कहा कि अब सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान समाजजनों को पानी की समस्या नहीं होगी।

**खेलकूद : खेल अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक : वर्मा**

# नवापारा में 9 ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ में शामिल हुए मंत्री टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



ग्राम नवापारा में आयोजित 9 ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ शनिवार को हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल को अनुशासन, टीम भावना और उज्ज्वल भविष्य का माध्यम बताया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, सरपंच डोमार सिंह मारकंडे, जनपद सदस्य खोमलाल साहू, उपसरपंच, पंचगण, मंडल उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, संतराम ध्रुव, फुटबॉल टीमों के कप्तान-उपकप्तान एवं प्रतिभावान खिलाड़ी उपस्थित थे। सभी जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। आयोजन में अध्यक्ष ललित तिवारी, डॉ. आरके सरकार, रेफरी, उपाध्यक्ष एनएफसी फुटबॉल क्लब की विशेष भूमिका रही। प्रतियोगिता में सीनियर ए, सीनियर बी, जूनियर ए वर्ग की टीमें शामिल हैं। कुल 14 टीमों ने भाग लिया है, जिनमें सीनियर 8 टीम एवं जूनियर 6 टीम शामिल हैं। जूनियर वर्ग की एक टीम फाइनल में प्रवेश कर चुकी है। प्रथम दिवस के सीनियर वर्ग के कप्तान एवं उपकप्तान सीनियर ए टीम – कप्तान प्रेम लाल देवांगन, उपकप्तान पंकज वर्मा। सीनियर वर्ग (8 टीमे) – मैच परिणाम नवापारा (ए) - ओडान एफसी नवापारा 3-0 से विजयी भाटापारा एफसी - सिमगा एफसी : भाटापारा 3-2 से विजयी ग्रीन XI सिमगा - नवापारा (बी): ग्रीन XI सिमगा 1-0 से विजयी डब्ल्यूआरएस रायपुर - कवर्धा एफसी : डब्ल्यूआरएस रायपुर 5-1 से विजयी जूनियर वर्ग (6 टीमें) – मैच परिणाम नवापारा जूनियर - सिमगा जूनियरः नवापारा 6-0 से विजयी भाटापारा जूनियर - कवर्धा जूनियरः कवर्धा 1-0 से विजयी सेन्चुरी जूनियर - खरोरा जूनियरः सेन्चुरी जूनियर पेनाल्टी में 4-3 से विजयी आयोजन को सफल बनाने में अनिल, ललित तिवारी, डॉ. आर.के. सरकार, प्रेम, पंकज, भीम, वासु, मकबूल खान, कालेन्द्र, चंदन, मोन्टू, राकेश, तोमेश, चंदू, दीपक महतो, जाधव, विनायक, बिड्डू, योगेश, आर्यन, साहिल, सोहन, तिलक, रौनक, आदित्य, अंकित, मुकेश, पूरब, धनराज, राजन, लालू सहित अन्य सदस्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों एवं खेल प्रेमियों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने आगामी मुकाबलों में भी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने की अपील की है।

## क्रिकेट में लटुआ और सोनाडीह ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**बलौदाबाजार।** विधानसभा प्रीमियम लीग के अंतर्गत ग्रामीण मंडल द्वारा ग्राम पौसरी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मैदान पर जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। रोमांचक मुकाबलों और सुपर ओवर के उतार-चढ़ाव के बीच लटुआ और सोनाडीह की टीमों ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दूसरे दिन के खेल में कुल छह मैच खेले गए, जिनमें सोनाडीह की टीम किस्मत की धनी और संकट मोचक साबित हुई। पहला सुपर ओवर में ढाबाडीह और सोनाडीह के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा, जिसके बाद सुपर ओवर में सोनाडीह ने जीत दर्ज की। दूसरा दिन का अंतिम मैच सोनाडीह और करमदा के बीच खेला गया। यह मैच भी टाई रहा, लेकिन सुपर ओवर में पुनः सोनाडीह ने बाजी मारी और क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का किया। दिन का पहला मैच लटुआ और धवई के बीच हुआ। इसके बाद लटुआ ने भद्रापाली को हराकर सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ढनढनी और भद्रापाली के बीच दूसरा मुकाबला हुआ, वहीं चौथे मैच में करमदा और अर्जुनी की टीमें आमने-सामने रहीं।



### क्वार्टर फाइनल में भिड़ेंगी दो टीमें

अब प्रतियोगिता के अगले चरण में रोमांच और बढ़ने वाला है, क्योंकि क्वार्टर फाइनल में लटुआ का मुकाबला सोनाडीह से होगा। इन दोनों टीमों के बीच होने वाली भिड़ंत पर दर्शकों की निगाहें टिकी हुई हैं।

## दतान स्कूल में निर्धन छात्रों को स्वेटर वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में निर्धन छात्र निधि के माध्यम से 60 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले जनपद पंचायत पलारी स्वच्छता सभापति जामवंती नीलकमल साहू, सरपंच अंजली पुरूषोत्तम फेकर तथा प्राचार्य उमा वर्मा के करकमलों से स्वेटर प्रदान की गई। कड़ाके के ठंड को ध्यान में रखते हुए प्राचार्य ने निर्धन बच्चों को निर्धन छात्र निधि से स्वेटर प्रदान करने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष साधराम बार्ले ने कहा कि स्वेटर वितरण से निर्धन बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी निश्चित रूप से यह एक पुण्य जनित तथा परोपकार का कार्य है। जनपद सभापति जामवंती नीलकमल साहू ने कहा कि समय समय पर स्कूल प्रबंधन के माध्यम से बच्चों के हित के लिए इस तरह के कदम उठाए जाने चाहिए जिससे बच्चे लाभान्वित हो सके। प्राचार्य ने बच्चों को अपने उद्बोधन में कहा कि अब परीक्षा का समय करीब है मन लगाकर मेहनत करें प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ कोमल वैष्णव ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले, जनपद पंचायत पलारी स्वच्छता सभापति जामवंती नीलकमल साहू, सरपंच अंजली पुरूषोत्तम फेकर, प्राचार्य उमा वर्मा, मनोज वर्मा, डॉ. कोमल वैष्णव, पीके साहू, विजय कुर्रे, ललित वर्मा, अरविंद ध्रुव, रविशंकर साहू, योगेश्वरी धुरंधर, महेश्वरी वर्मा, गीतिका प्रधान, गीता श्रेय, योगेश वर्मा, सुदेश विश्वकर्मा, कमल कोसले आदि उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम साव ने कर्मा भवन में शेड निर्माण के लिए की 25 लाख रुपए की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव जिला एवं तहसील साहू संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि ताम्रध्वज साहू, विशिष्ट अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, चुन्नीलाल साहू, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विपिन साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष ढालूराम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, येतराम साहू सहित सामाजिक पदाधिकारी एवं समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि साहू समाज एक संगठित और अनुशासित समाज के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कर्मा भवन में शेड निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा भी की।

## धीरज बने मन की बात कार्यक्रम के भाजपा प्रदेश प्रभारी



**पलारी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को मजबूती देने के लिए नियुक्तियां जारी की हैं। इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश संगठन द्वारा पलारी के कद्दावर एवं वरिष्ठ नेता धीरज मिश्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर की अनुशंसा पर की गई है। धीरज मिश्रा लंबे समय से संगठन में समर्पित कार्यकर्ता के रूप में विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते आ रहे हैं, जिसे देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन पर यह भरोसा जताया है। प्रदेश प्रभारी नियुक्त होने के बाद धीरज मिश्रा ने अपनी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल,पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, दुर्गा महेश्वर, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, यशवर्धन मोनू वर्मा, नंद वर्मा एवं मंडल अध्यक्ष पवन के प्रति आभार जताया है।

## झेरिया यादव समाज के चुनाव में नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

**बट्टूलाल बने अध्यक्ष, सचिव पद पर शिव बरकरार**



झेरिया यादव समाज बलौदा परिक्षेत्र में नए अध्यक्ष और पदाधिकारी का चयन हुआ। इस संबंध में 9 जनवरी को ग्राम बलौदा की यादव धर्मशाला भवन में बैठक आयोजित की गई। इसमें समाज के उपस्थित समाज प्रमुखों, बुद्धजीवियों एवं स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर नए अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें बट्टू लाल यादव पूर्व सरपंच ग्राम खपरीडीह को नए अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद के लिए पवन कुमार यादव ग्राम कोटियाडीह, कोषाध्यक्ष पद पर महावीर यादव ग्राम बलौदा और सचिव की जिम्मेदारी पुनः शिव यादव ग्राम मडवा एवं सहसचिव के लिए राम यादव ग्राम नवरंगपुर को कमान दी गई है। वहीं संरक्षक पद के लिए समाज के वरिष्ठ सयान धनसाय यादव नवरंगपुर व सह संरक्षक नरसिंह यादव गिरौदपुरी तथा सभापति भजो राम यादव ग्राम दर्री, उपसभापति गणेशराम यादव ग्राम बरपाली को समाज का प्रमुख दायित्व सौंपा गया।

इस तरह समाज में मनोनीत पदाधिकारियों का भी गठन किया गया, जिसमें विशेष सलाहकार के रूप में खोलबहरा यादव ग्राम बलौदा, मनहरण लाल यादव ग्राम खापराडीह एवं बाबूलाल यादव नगर पंचायत टूंडरा। विधि मंत्री रामस्वरूप यादव, मनराखन यादव, बिहारी लाल यादव इतवारी यादव महामंत्री पद पर देवप्रसाद यादव गैतराम यादव, धनेश्वर यादव, रामसाय यादव सालिक राम यादव,राकेश यादव । प्रवक्ता छोटेलाल यादव, चन्द्रकुमार यादव, संचालक संजय यादव, परदेशी यादव, गोपाल यादव, गिरेश यादव संगठन मंत्री - पप्पू यादव, बंसी यादव, धनसाय यादव, छत्तराम यादव, बोधीराम यादव, गोविंदराम यादव, धनसाय यादव तौलीडीह प्रचार प्रसार मंत्री - गजानंद यादव, बलदराम यादव, सेवकराम यादव, शिवकुमार यादव, महेत्तर यादव, मेघनाथ यादव, राधेश्याम यादव, इंदल यादव, महेत्तरू यादव, छन्नू यादव, अवधराम यादव, पंचभईया यादव को मनोनीत पदाधिकारी में शामिल किया गया है।

इस अवसर पर बलौदा परिक्षेत्र के ग्राम नवरंगपुर, गिरौदपुरी, खपरीडीह, लिमतरी, मड़वा, बलौदा, नरधा, खपराडीह, भोथीडीह, कोटियाडीह, टूंडरा, दर्री, गिंडोला, तौलीडीह, कौवाताल, बरेली, मानाकोनी, सुकली, बरपाली, पहंदा, दर्रा, हसुवा के सैकड़ों स्वजातीय बंधु व सामाजिक जन उपस्थित थे।

**67 छात्र-छात्राओं व 7 शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण**

# गिरौदपुरी, शिवरीनारायण और मालखरौंद का बच्चों ने किया सैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





पूर्व माध्यमिक और शाला असौंदा विकासखंड तिल्दा के संस्था प्रमुख नेवारन दास गायकवाड़ व रमेश कुमार वर्मा प्रधानपाठक और स्टाफ के मार्गदर्शन में कक्षा पांचवी, छठवीं, सातवीं और आठवीं के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इसमें विद्यालय के 67 छात्र-छात्राओं व 7 शिक्षक शिक्षिकाओं और 5 एस एम सी सदस्यों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। सभी छात्र छात्राओं ने बाबा गुरु घासीदास के जन्म एवं तप स्थलीय गिरौदपुरी धाम को एक दर्शनीय स्थल व प्राकृतिक स्थल से चित्रित किया। भ्रमण में शिक्षक व शिक्षिकाओं में नेवारन दास गायकवाड़ प्रधानपाठक, रमेश कुमार वर्मा प्रधानपाठक, डागेश्वर प्रसाद वर्मा शिक्षक, मनोज कुमार चेलक, रामगुलाल दीवान, सोहन लाल चन्द्राकार, पुरुषोत्तम टंडन, लुनिता चन्द्राकार, डिगेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, प्रमिला साहू, जुगेश तुरकाने सहित लोग मौजूद थे।

## पूर्व माध्यमिक स्कूल में शिक्षक ने कराया न्योता भोज का आयोजन



**पलारी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवसुन्द्रा में शिक्षक एल के करायत द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन के साथ खीर, बड़ा एवं पूरी परोसी गई। सभी विद्यार्थियों ने उत्साह एवं प्रसन्नता के साथ भोजन ग्रहण किया। यह आयोजन अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में शिक्षक द्वारा आयोजित न्योता भोज में सरपंच, पंच एवं प्रधानपाठक सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। इस दौरान ग्राम सरपंच अभिराम साहू ने शिक्षक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अपनत्व, संस्कार एवं सामाजिक समरसता का विकास होता है। वहीं प्रधानपाठक रेखा वर्मा ने न्योता भोज के बारे में बताया कि कोई भी आमजन, संगठन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्था, व्यापारिक और सभी वर्गों के लोग न्योता भोज में सहभागी बन सकते हैं। उन्होंने शिक्षक के प्रति प्रशंसा व्यक्त करते हुए इसे एक प्रेरणादायी कार्य बताया। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने शिक्षक के इस प्रयास की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे सकारात्मक आयोजनों की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर बालमुकुंद यादव अध्यक्ष एसएमडीसी हायर सेकंडरी स्कूल देवसुंद्रा, पंचगण शशिकांत वर्मा, देवचरण साहू, बेदराम वर्मा, शिक्षकगण शशि कुमार सोनकेवरे, संदीप सुरतांगे, केशरीलाल सरशिहा, इन्दरमन लाल वर्मा, शालिनी वैष्णव, राजश्री मोरे, राजकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## भाजपा सदस्य ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**हिरमी-रावन।** भाजपा नेता अनिल वर्मा ने पौधारोपण का संकल्प लेते हुए आमजन को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में पौधारोपण ही भविष्य को सुरक्षित रखने का एकमात्र उपाय है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जन्मदिन या विवाह वर्षगांठ जैसे शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसके वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल की जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल शुद्ध वायु देते हैं, बल्कि भू-जल स्तर बढ़ाने में भी सहायक हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने फलदार और औषधीय पौधे लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कुलदीप धुरंधर, दीपक, तुकेन्द्र, भूषण, परमेश्वर वर्मा, संदीप और जीतू ने भी सहभागिता दर्ज कर पर्यावरण रक्षा में अपना योगदान देने की बात कही।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
09 जनवरी 2026
SHOW TIME
द राजा साब
शो समय - 12:00, 3:00, 6:30, 9:00 PM
धुरंधर
शो समय - 03:30 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# झेरिया धोबी समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए विधायक संदीप साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

झेरिया धोबी समाज जारा परिक्षेत्र का एक दिवसीय भव्य वार्षिक अधिवेशन भालुकोना स्थित चितावर धाम मंदिर परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कसडोल विधायक संदीप साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जारा परिक्षेत्र अध्यक्ष नीलमणि चौधरी ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा समाज के आराध्य देव संत गाडगे महाराज के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। मंच संचालन शिक्षक प्रकाश चंद निर्मलकर ने किया, जिसके बाद समाज के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक संदीप साहू ने कहा समाज के कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए गंगा में डुबकी लगाने जैसा सौभाग्य है। धोबी समाज की एकता प्रशंसनीय है और मैं समाज के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा। समाज प्रमुखों की मांग को स्वीकार करते हुए उन्होंने सामाजिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख रुपये देने की महत्वपूर्ण घोषणा की। लोकेश कन्नौजे ने कहा कि वे समाज की जिम्मेदारी से कभी पीछे नहीं हटेंगे और सामाजिक एकजुटता ही विकास की कुंजी है। निर्मला रजक ने महिलाओं की भारी उपस्थिति पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। झड़ीराम कन्नौजे ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज बेटियां आगे बढ़ रही हैं, अब बेटों को भी शिक्षा के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है।

## भवन निर्माण के लिए 6 लाख की घोषणा की



### प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान

अधिवेशन के दौरान समाज के होनहार विद्यार्थियों नीलम, जानवी, मनीषा, अनुराग, अनिकेत, पीयूष और आदित्य को विधायक के हाथों प्रशस्ति पत्र, शील्ड और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समाज द्वारा सभी अतिथियों को भी शील्ड, गमछा और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सावित्री उत्तम निर्मलकर, प्रवीण धुरंधर, कमलेश रजक, अश्वनी रजक, पन्नालाल रजक, विशेसर वर्मा, वीरेंद्र महेश्वरी, धनेश निर्मलकर, रामायण धीवर, पवन सारथी सहित कुंजीलाल, सरजू, प्रकाश, लीलाधर, प्रेमलाल रजक एवं भारी संख्या में समाज के स्वजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### गीता रजक बनीं असंगठित कामगार कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष

**सिमगा**। गीता रजक को अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस छत्तीसगढ़ महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मुझ जैसे छोटी कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने पर मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह सोलंकी, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष पप्पू हासम अली एवं समस्त जिला ब्लाक अध्यक्षों का आभार व्यक्त किया है।



### बहन के साथ मारपीट

**महासमुंद**। बहन के साथ मारपीट किए जाने के मामले में ग्राम लक्ष्मीपुर एक व्यक्ति के खिलाफ पिथौरा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को थानूराम सेन ने बताया कि 09 जनवरी को शाम 7 बजे उसकी दीदी गायत्री बाई सेन व जीजा सुरेश सेन खाना खाकर घर में आराम कर रहे थे, तभी छोटा भाई हेकनाथ सेन नशे की हालत में घर आया और दीदी से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए बाल पकड कर खींचते हुये आंगन में लाया और पास में रखे डंडे से मापीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सिवनी मंडल में 13 को विराट हिंदू सम्मेलन

**धमतरी**। सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं हिन्दू समाज में एकता के लिए सिवनी खुर्द मंडल के ग्राम झुरानवागांव में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दू सम्मेलन के पूर्व पांच दिवसीय राम कथा होगी।

## निधन

### गणेश राम साहू

**पलारी**। ग्राम घिरघोल निवासी गणेश राम साहू 60 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया, जिसमें स्नेहिजन मित्र, सामाजिक सदस्य सहित बड़ी संख्या में लोंग उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे जीवराखन, अशोक, गिरधारी साहू के भाई, ललित दिनेश, सुमन के चाचा व संजय, बृजमोहन, खिलेन्द्र के बड़े पापा तथा लीलाधर, धनेश्रवर के पिता थे।



## मांग : डिप्टी सीएम से की मानव संसाधन नीति लागू करने की मांग

# 20 साल की सेवा के बाद भी राहत को तरसते मनरेगा कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने कबीर आश्रम दामाखेड़ा में उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। पिछले 20 वर्षों से सेवा दे रहे कर्मियों ने 17 माह से लंबित मानव संसाधन नीति को तत्काल लागू करने के लिए ज्ञापन सौंपा और अपनी सेवा-सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।

संगठन के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि ग्रामीण विकास की रीढ़ माने जाने वाले मनरेगा कर्मी वर्षों से अल्प वेतन और बिना किसी सामाजिक सुरक्षा के काम कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह क्षत्री की उपस्थिति में हुई इस चर्चा में बताया गया कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी स्थायीकरण के विषय को राज्य सरकार का अधिकार क्षेत्र बताया है, अतः अब गेंद राज्य शासन के पाले में है।

संघ के मीडिया प्रभारी उमेश गोस्वामी ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन वीबी-जी रामजी को फील्ड में उतारकर सरकार के सामने अपनी आवाज बुलंद करेगा। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में तत्काल मानव संसाधन नीति लागू करना। सेवा सुरक्षा और स्थायीकरण। सम्मानजनक वेतन संरचना और सामाजिक सुरक्षा शामिल हैं। मुलाकात के दौरान राजेश वर्मा, अमित वैद्य, अमिता मार्टिन, शिवेश वर्मा, राजेश टंडन, युगल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जिला संगठन के पदाधिकारी और मनरेगा कर्मचारी उपस्थित थे।



### डिप्टी सीएम ने दिया सकारात्मक आश्वासन

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कर्मचारियों की व्यथा को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार 17 माह से लंबित मानव संसाधन नीति पर सकारात्मक दृष्टिकोण रखती है और जल्द ही कर्मचारियों के हितों में निर्णायक कदम उठाए जाएंगे।

# आचार्य विशुद्धसागर महाराज के छत्तीसगढ़ प्रवेश पर भव्य स्वागत की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

आचार्य विशुद्धसागर महाराज के छत्तीसगढ़ प्रवेश पर उनके भव्य स्वागत एवं अगवानी के लिए बलौदाबाजार जैन समाज की ओर से एक बस रवाना की गई। इस धार्मिक अवसर को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह एवं उल्लास का वातावरण बना हुआ है।

जैन समाज के उपाध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि आगामी जनवरी माह में राजिम एवं बलौदा बाजार में आयोजित होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव के लिए आचार्य श्री का छत्तीसगढ़ प्रवेश हो रहा है। इस अवसर पर रायपुर, दुर्ग, राजिम एवं बलौदाबाजार से बड़ी संख्या में अनुयायी देवरी के समीप छत्तीसगढ़ सीमा पर एकत्र होकर आचार्य श्री का भव्य स्वागत करेंगे।

स्वागत कार्यक्रम के अंतर्गत महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। आचार्य श्री के आगमन को लेकर समाज के सभी वर्गों में अपार श्रद्धा, उत्साह एवं धार्मिक उल्लास देखने को मिल रहा है।

# जयंती पर संत कर्मा माता प्रतिमा की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

नवीन पंचायत मुख्यालय गोपालपुर के साहू भवन में भक्त राजिम माता की जयंती पर संत कर्मा माता की मूर्ति की विधि-विधान से स्थापना की गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय जयकारों से गूंज उठा। समाज के बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर आरती उतारी और सुख-समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही भक्त राजिम माता की जयंती भी बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक भव्य तहसील स्तरीय शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि नवीन पंचायत मुख्यालय में माता कर्मा की स्थापना से समाज के लोगों को नई ऊर्जा मिलेगी। इस आयोजन में गोपालपुर और सरसीवां क्षेत्र के साहू समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में माताएं-बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन भी किया गया।



## नवधा रामायण में शामिल हुए विधायक इंद्र साव

**भाटापारा**। टेहका में जारी नवधा रामायण में विधायक इंद्र साव शामिल हुए और भगवान श्री राम के कथा प्रवचन प्रसंग में श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही भगवान श्री राम के आदर्श रूपी जीवन में चलने के लिए लोगों को प्रेरणा दी। इंद्र साव ने विधायक मद से नवधा रामायण चौक से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि ललिता नारायण जोगी एवं उप सरपंच उदय, जितेंद्र ध्रुव, टिकेश्वर साहू, खूबी राम, साहू शोभा राम साहू, समस्त पंच एवं गांव के गण मान्य नगरीक उपस्थित थे ।

## सकरी स में शिव महापुराण कथा 14 से

**संडी बंगला**। सकरी (स) में पांच दिवसीय संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा का भव्य आयोजन पलारी विकासखंड के ग्राम सकरी (स) में 14 से 18 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शिवदण्डा तक संपन्न होगा। इस आयोजन में कथा वाचक का दायित्व सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य राहुल महाराज नगर पंचायत पलारी द्वारा निभाया जाएगा। कथा स्थल शारदा चौक, ग्राम-सकरी (स) निर्धारित किया गया है, जहां श्रद्धालु प्रतिदिन संगीतमय कथा का रसपान करेंगे। आयोजन समिति द्वारा क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुजनों, ग्रामवासियों एवं शिवभक्तों को परिवार सहित उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने आमंत्रित किया गया है। आयोजक सहयोग समर्पण समिति एवं समस्त ग्रामवासी सकरी (स) ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



# मुड़पार स्कूल में बदमाशों ने दरवाजे खिड़कियां, नल को किया तोड़ फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां

शासकीय स्कूल ननकी तालाब मुड़पार में बीते दिनों बदमाशों द्वारा भवन में लगे दरवाजे, खिड़कियों, नलों को तोड़ फोड़ किया जा रहा है। इससे विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी परेशान हो गए हैं। एक माह पहले परिसर में लगे नल की टोटियों को बदमाशों ने तोड़कर गायब कर दिया, अब विद्यालय भवन के लोहे के दरवाजे, खिड़कियों को तोड़ने की शिकायत मिली है। इस मामले में विद्यालय के प्रधान पाठक छतराम भारद्वाज ने थाना सरसीवां में शिकायत की है। प्रधान पाठक ने बताया कि बदमाश आए दिन स्कूल परिसर में लंबे समय से कुछ न कुछ तोड़ फोड़ कर रहे हैं। इनके हौसले बुलंद है। अज्ञात बदमाशों ने एक माह पहले परिसर में बच्चों के लिए बनाए गए हाथ धुलाई के लिए लगाए गए कई नलों को तोड़कर ले गए। इस बार भवन में लगे लोहे के दरवाजे को तोड़ दिए हैं। दरवाजे टूटने से कुत्ते, मवेशियां स्कूली बच्चों के बैठने की जगह पर गंदगी कर रहे हैं, वहीं खुले रहने से चोरी का डर भी है। प्रधान पाठक ने ऐसे अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।



# माठ में विशाल हिन्दू सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

हिन्दू समाज में जागरण, एकता और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से सर्व हिन्दू समाज मोंठ मंडल द्वारा विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे से हाई स्कूल माठ परिसर में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य सनातन संस्कृति, धर्म और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से होगी, इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन में उद्बोधन के पश्चात भारत माता की आरती भी की जाएगी। सम्मेलन के मुख्य वक्ता संत रामस्वरूप दास महाराज होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विक्रमादित्य शर्मा भगवताचार्य तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में दुलारी वर्मा उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य उपस्थित रहेंगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आज व्यक्तित्व विकास कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, बलौदाबाजार राज द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 11 जनवरी को सुबह 11 बजे से स्थानीय कुर्मी मंगल भवन, बलौदाबाजार में संपन्न होगा। यह कार्यशाला राज प्रधान सुनीता वर्मा के कुशल मार्गदर्शन और राज युवा अध्यक्ष रघुनंदन बघमार के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना है।

कार्यशाला में युवाओं को नई दिशा देने के लिए प्रदेश के ख्यातिप्राप्त वक्ता मौजूद रहेंगे, जिनमें एसएसएसए संतोष वर्मा, सुरेश वर्मा, रामस्वरूप वर्मा एवं अर्चना बघेल शामिल होंगे।

कार्यशाला के मुख्य बिंदु है- मंच भय को दूर कर स्वयं पर विश्वास जगाना, भविष्य के नेतृत्व के लिए युवाओं को तैयार करना, विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहने का कौशल और शिक्षा के बाद सही दिशा का चुनाव।

आयोजक रघुनंदन बघमार ने भरूवाडीह, सैहा, गुमा सहित क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राओं और युवा साथियों से अपील की है कि वे इस कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। उन्होंने कहा, यदि आज का युवा सही मार्गदर्शन और स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपना ले, तो वह स्वयं के साथ-साथ समाज का उज्ज्वल भविष्य गढ़ सकता है। इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवा विंग द्वारा जोर-शोर से तैयारिया की जा रही हैं।

## 26 लोगों में मोतियाबिंद की पहचान की गई

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 120 लोगों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

श्री सीमेंट अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में संस्था द्वारा ग्राम चंडी में विजन स्क्रीनिंग एवं नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 120 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 57 पुरुष एवं 63 महिलाएं शामिल हुईं।

नेत्र परीक्षण के दौरान 26 लोगों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जबकि 47 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे भी प्रदान किए गए। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री सीमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट के अभय प्रताप सिंह, अशोक कुमार वर्मा, वीरेंद्र कुमार बघेल एवं दीपक वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। तकनीकी सहयोग खरोरा स्थित बघेल चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुकर बघेल द्वारा प्रदान किया गया। उनके साथ टेक्नीशियन जागेश्वर साहू एवं सुरेंद्र कुमार वर्मा ने भी सेवाएं दीं। शिविर को सफल बनाने में ग्राम पंचायत चंडी के विनोद कुमार, तेषान कुमार वर्मा, सुरेश कुमार, भुवनेश्वर वर्मा एवं पंचगणों का विशेष योगदान रहा।







